## संक्षिप्त

### मांगे पूरी नहीं होने पर राशन डीलर करेंगे कार्य बहिष्कार

**पावटा।** विराटनगर विधानसभा के पावटा कस्बे में ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स फेडरेशन इकाई पावटा के तत्वाधान मे राशन डीलर संघ पावटा तहसील अध्यक्ष जगदीश प्रसाद सुरेला के नेतृत्व मे राशन डीलरो ने अपनी विभिन्न मांगो को लेकर विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौपते हुए तहसील अध्यक्ष जगदीश प्रसाद सुरेला ने बताया कि गत माह राशन डीलरो द्वारा पूर्व मे भी मुयमंत्री को नौ सूत्रीय मांग पत्र प्रस्तुत किया गया था। लेकिन सरकार व खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा मांगो पर कोई भी संज्ञान नही लिया गया है। तहसील अध्यक्ष जगदीश प्रसाद सुरेला ने मांगो को लेकर राशन विक्रेताओं को मानदेय कर्मी घोषित कर प्रति प्रति माह 3० हजार रुपए निश्चित किया जाने, गेहूं तोल में दो प्रतिशत की छीजत दी जाने, गत महिनो का बकाया कमीशन दिये जाने सहित मांगो को धरातल या अमल मे लाने की बात कहीं। मांगो के पूरा नही होने पर राशन डीलरो ने 1 अगस्त 2०24 से राशन वितरण व्यवस्था को विराम देने की बात बात कही। जिसकी जिमेदारी राज्य सरकार व प्रशासन की होगी।

# शाहपुरा क्षेत्र की समस्याओं को विधानसभा में उठाने पर विधायक का सम्मान



शाहपुरा क्षेत्र की समस्याएं विधान सभा में उठाने पर विधायक मनीष यादव का आभार जताया।

**शाहपुरा ।** विधायक के निवास पर क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने विधायक का सम्मान कर आभार जताया। रविवार को क्षेत्रवासियों ने विधायक मनीष यादव का सम्मान कर आभार जताया और कहा कि हमारे पहले विधायक है जिन्होनें क्षेत्र की समस्याओं को ध्यान में रखकर प्रदेश की सबसें बडी पंचायत में रखा।

क्षेत्रवासियों ने कहा कि विधायक ने प्रदेश सहित हमारें क्षेत्र के विभिन्न मुद्दों जिनमें विधुत कटौती, क्षेत्र के बांधों को ईआरसीपी परियोजना में जोडनें की बात, पेयजल, कानून व्यवस्था व क्षेत्र में फैल रही मादक पदार्थो की तस्करी व नशें का व्यापार, नगरपालिकाओं में पट्टा की बात तथा टेंडर के माध्यम से हो रहे भष्टाचार सहित सफाई कर्मचारियों की भर्ती में वाल्मिकी समाज को प्राथमिकता देनी की बात, कस्बों व आस-पास के गावों में बंदरों की समस्या, क्षेत्र के अस्पतालों की व्यवस्था में सुधार की बात, विधार्थियों की छात्रवृति का मुद्दा, प्रतियोगी परीक्षाओं में डिलीट होने वालें प्रशनों का मुद्दा, पेपर लीक, किसानों को मिल रही प्रधानमंत्री किसान निधि की राशि बढानें की बात, आंगनबाडी में कार्यरत महिलाओं का मानदेय बढानें की बात आदि को विधानसभा में पुरजोर तरीकें से उठाया। क्षेत्रवासियों ने कहां कि विधानसभा में आपकी आवाज उठनें के बाद शाहपुरा में कानून व्यवस्था में सुधार हेतु एसआईटी गठित की गई, निकायों में पट्टों बनानें के लिए 30 दिन निर्धारित किये गये तथा सफाई कर्मचारी भर्ती में वाल्मिकी समाज को प्राथकिता देनी की बात भी यूडीएच मंत्री ने कही साथ ही बजट में आपकें प्रयासों से शाहपुरा नगरपालिका को नगरपरिषद में क्रमोन्नत किया गया। पीएचसी निवाणा को सीएचसी में क्रमोन्नत किया। निंदौला में 33/11 केवी विधुत सबस्टेशन दिया गया। रोड स्वीकृत हुई तथा कई दिनों से शाहपुरा में बस स्टेण्ड बनानें की मांग पूरी हुई। विधायक यादव ने क्षेत्रवासियों का आभार जताया ।

### 'शिक्षा से ही समाज का सर्वागीण विकास सम्भव'

**कोटपूतली।** महाराजा दक्ष प्रजापति की जयंती पर रविवार को कस्बे के डाबला रोड़ स्थित नारायणा गार्डन में दक्ष सेवा संस्थान, प्रजापति विकास समिति व समस्त प्रजापति (कुम्हार) समाज के संयुक्त तत्वाधान में सप्तम जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर विशाल रक्तदान शिविर व विशाल सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। उल्लेखनीय है कि समिति द्वारा विगत 07 वर्षो से निरन्तर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर रक्तदाताओं ने बढ़-चढकर भाग लेते हुये कुल 113 यूनिट रक्तदान किया। शिविर का शुभारम्भ हरिकिशनपुरा अन्नदाता धाम के श्रवणदास महाराज द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेते हुये विधायक हंसराज पटेल ने कहा कि शिक्षा से ही किसी भी समाज का सर्वागीण विकास हो सकता है। प्रजापति समाज सामाजिक सरोकारों में अपना योगदान दे रहा है, यह बेहद सकारात्मक पहल है। विधायक पटेल ने कोटपूतली में प्रजापति समाज के बालिका छात्रावास हेतु जमीन आवंटन, प्रजापति समाज के मिट्टी के बर्तन बनाने वाले लोगों के लिये मिट्टी की जमीन उपलब्ध करवाना व कोटपूतली कस्बे में किसी एक मुख्य चौराहे का नाम राजा दक्ष प्रजापति के नाम पर किये जाने का आश्वासन दिया।

## सार-समाचार

### न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. खंडेलवाल सम्मानित



**श्रीमाधोपुर।** खंडेलवाल वैश्य पटवारी धर्मशाला में रविवार को खंडेलवाल समाज द्वारा जयपुर निवासी न्यूरोलॉजिस्ट डा. कपिल खंडेलवाल का भव्य सम्मान किया। यह सम्मान उनके द्वारा शहर में दी जा रही निःशुल्क सेवाओं के लिए गया।इस दौरान खंडेलवाल समाज अध्यक्ष नंदकिशोर खुटेटा, मंत्री श्याम सुंदर रावत, सुरेश कुमार खुटेटा , सुभाष चंद्र खुटेटा, ओम प्रकाश मामोडिया, ओमप्रकाश रावत, नरेंद्र कूलवाल, बालकिशन मामोडिया, प्रेम प्रकाश, रामशरण मामोडिया, नितिन खुटेटा, चिरंजी लाल कानुनगो सहित समाज के अन्य लोग मौजूद रहें।

### शोकाकुल परिवार से मिले विधायक

**पावटा।** गत 26 जुलाई श्रुक्रवार को विराटनगर क्षेत्र भाबरु थाने के अंतर्गत ग्राम किशनपुरा स्थित नदी के पास गुरुवार देर शाम 11 हजार केवी विद्युत लाइन के करंट से लाइनमैन भैंसलाना निवासी राजेश सिंह शेखावत की मौत पर गमगीन परिवारों से मिलने जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र के पुत्र राजकुमार देवायुष, विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड, कोटपुतली विधायक हंसराज पटेल मृतक के गांव भैसलाणा पहुंच दिवंगत पुण्यात्मा को श्रद्धासुमन अर्पित किए। वही शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि दुख की इस घडी में विवेक एवं धैर्य बनाकर बच्चों का पालन पोषण करे। समय बदलते देर नहीं लगती है। दुख की इस घडी व कठिन समय में पीडित परिवार के साथ है। और इस घटना के जिमेदार लोगों को सत से सत सजा मिले यह सुनिश्चित करना व भविष्य में ऐसी घटना को पुनरावृति नहीं इसके लिए भी ठोस कदम उठाना हमारी जिमेदारी है।

### शोधपत्र लेखन प्रतियोगिता हुई

**पावटा।** भारतीय शिक्षण मंडल द्वारा विजन फॉर विकसित भारत शोधपत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन आनंदशाला कार्यक्रम आँतेला में किया गया। शिक्षण मंडल के जीएल यादव ने शोधार्थियों को अधिक से अधिक प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि भारत की आत्मा गाँवों में बसती है एवं समृद्धि की नई ऊँचाइयों को प्राप्त करने में शोधपत्र प्रतियोगिता कारगर सिद्ध होगी। महेश सैनी ने कहा आधुनिक बुनियादी ढाँचे को निर्माण करने में युवाओ की सहभागिता रामबाण साबित होगी। विद्यार्थियों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवा कर शोधपत्र में गहरी रुचि दिखाई। इस अवसर पर महेश सैनी, सुभाष नार्नोलिया, मनोज ठुकरान सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

### शहीद की याद में किया वृक्षारोपण

**कोटपूतली।** वृक्षारोपण महाभियान के तहत रविवार को ग्राम सांगटेड़ा स्थित शहीद सुरेश चंद जाट स्मारक पर वृक्षारोपण कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। शहीद वीरांगना राजबाला देवी द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान लोगों ने 02 मिनट का मौन धारण कर शहीद सुरेश चंद जाट को श्रद्धांजलि अर्पित की। सामाजिक कार्यकर्ता रतनलाल शर्मा ने कहा कि हमें शहीदों पर गर्व है, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिये। वीरांगना राजबाला देवी ने शहीद स्मारक पर वृक्षारोपण कर संदेश दिया कि हम वीर शहीदों की याद में वृक्षारोपण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर सकते हैं और पर्यावरण एवं वातावरण को भी शुद्ध एवं संतुलित बना सकते हैं। इस दौरान सरपंच सोनू चौधरी, पूरणमल भगत, करण सिंह, धर्मपाल जाट, संदीप चतुर्वेदी, शुभम, गीता देवी व सरोज सैन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### अन्तिम मतदाता सूची का प्रकाशन

**कोटपूतली।** अग्रवाल समाज समिति कार्यकारिणी के चुनाव के लिये रविवार को आपत्तियों के निस्तारण के पश्चात् अन्तिम मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. ओमप्रकाश गुप्ता ने बताया कि नामांकन पत्र सोमवार व मंगलवार को दोपहर 02 से शाम 05 बजे तक दाखिल किये जा सकेगें। प्रत्येक प्रत्याशी केवल एक पद के लिये नामांकन पत्र भर सकते है। अध्यक्ष पद हेतु न्यूनतम आयु 50 वर्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री, मंत्री, कोषाध्यक्ष पद हेतु न्यूनतम आयु 40 वर्ष रखी गई है। नाम वापसी 31 जुलाई बुधवार को दोपहर 02 से शाम 05 बजे तक की जा सकेगी। उसी दिवस को 05 बजे के बाद चुनाव चिन्ह का आवंटन किया जायेगा। मतदान आगामी 04 अगस्त को प्रात: 08 से दोपहर 03 बजे तक अग्रसेन भवन में आयोजित होगें।

### जनसमस्याओं का किया निस्तारण

**कोटपूतली।** विधायक हंसराज पटेल ने रविवार को निजी निवास स्थित कार्यालय पर जनसुनवाई की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आये ग्रामीणों से शिष्टाचार भेंटकर उनकी समस्यायें जानी। साथ ही विभिन्न अभाव अभियोग सुनते हुये सम्बंधित अधिकारियों को मौके पर ही निस्तारण के निर्देश दिये। इस दौरान भाजपा ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेश महामंत्री एड. हीरालाल रावत, पूर्व प्रधान व वरिष्ठ भाजपा नेता विक्रम सिंह तंवर, पूर्व सरपंच जयराम सिंह गुर्जर, सरपंच देवकरण मान, सरपंच शीशराम गुर्जर व पंसस धर्मपाल गुर्जर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### नवीन कार्यकारिणी गठित

**किशनगढ़ बास।** डॉ भीमराव अंबेडकर जनकल्याण समिति की बैठक अध्यक्ष छुट्टन लाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में नवीन कार्यकारिणी का गठन कर घोषणा की गई। गठित नवीन कार्यकारिणी में महासचिव प्रदीप सगवैया उपाध्यक्ष मदनलाल बाबूजी व संरक्षक गोरा सिंह को बनाया गया। इसके अलावा उपाध्यक्ष पद पर हरिराम ताराचंद मंगतूराम गजराज बट्टी राम को नियुक्त किया गया है।

## बकाया बिलों का भुगतान शीघ्र करने के लिए अधिकारी को भिजवाए

■ जिला कलेक्टर की निरंतर मॉनिटरिंग से आमजन को मिल रही है राहत

**टोंक।** प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुसार आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान व निराकरण को लेकर जिला प्रशासन सजग है। जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा बिजली, पानी, चिकित्सा, सड़क, वर्षा ऋतु में जल भराव, साफ-सफाई समेत अन्य परेशानियों के तत्काल समाधान को लेकर गंभीर है। उन्होंने जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों को लोगों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने में लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही, जिला कलेक्टर की निरंतर मॉनिटरिंग से आमजन को समस्याओं का निस्तारण होने से राहत मिल रही है।

जिला कलेक्टर के निर्देश पर अधिकारी एवं कार्मिक आमजन की समस्याओं का हर संभव एवं यथाशीघ्र समाधान कर रहे है। उपखंड पीपलू के ग्राम रानोली के सामुदायिक भवन की छत टपकने पर ग्रामीणों की शिकायत पर पंचायत समिति पीपलू के सहायक अभियंता रामदयाल विजय ने ठेकेदार को ग्राउटिंग कार्य एवं छत पर बजरपुट कराने के निर्देश दिए। साथ ही, ग्राम पंचायत को खराब बजरी का उपयोग नहीं करने के लिए कहा। उपखंड देवली के राजमहल के समीप रघुनाथपुरा गांव के तालाब की पाल टूटने की संभावना को देखते हुए विकास अधिकारी रानू इंकिया द्वारा तत्काल तालाब के पाल की मरम्मत कर पानी निकासी का रास्ता निकालकर ग्रामीणों की समस्या का स्थायी समाधान किया गया।

उपखंड उनियारा के ग्राम बनेठा के रूपपुरा में जल जीवन मिशन के तहत गौरव पथ को खोदकर डाली गई पेयजल पाईप लाईन को खुदाई के बाद ट्रेंच को मोटरबल कर बारिश के बाद ठेकेदार को गौरव पथ का रिपेयर गुणवत्तापूर्ण करने के निर्देश दिए है। उपखंड पीपलू के रानोली गांव में कीचड़ होने के कारण छात्र-छात्राओं को स्कूल जाने में हो रही परेशानी को देखते हुए विकास अधिकारी राजेश्वरी के निर्देश पर ग्राम पंचायत द्वारा सफाई कर पानी की निकासी करवाई गई। ग्राम पंचायत द्वारा इस रास्ते पर सीसी रोड़ मय नाली के करवाया जाएगा।

### फॉरच्युनर गाड़ी चोरी

**कोटपूतली।** स्थानीय पुलिस थाने में एक फॉरच्युनर कार के चोरी होने का मामला दर्ज हुआ है। पुलिस के अनुसार कस्बे के डाबला रोड निवासी कृष्ण कुमार स्वामी ने मामला दर्ज करवाते हुए बताया कि उनकी गाड़ी टोयोटा फॉरच्युनर नं. एचआर 36 एएम 0777 जो कि भागीदार पवन कुमार स्वामी के साथ शिव शक्ति स्टोन क्रेशर के नाम पंजीकृत है। उक्त गाड़ी विगत 27 जुलाई की रात्रि को डाबला रोड़ स्थित उनके ऑफीस कार्यालय प्लॉट नं. 11 भागीरथ एनक्लेव पर ऑफीस परिसर में ही खडी थी। रविवार 28 जुलाई को सुबह कार्यालय पहुंचने पर देखा कि कार्यालय के मुख्य द्वार का ताला टुटा हुआ था। चोरों ने ऑफीस का लॉक तोडकर अन्दर की स्टैण्ड से गाडी की चाबी निकाल ली एवं उसे चुरा कर ले गये। सीसीटीवी फुटेज में अज्ञात चोर नजर आ रहे है, चोरों ने कार्यालय में टेबल के दरवाजों को लॉक तोडकर खोलकर देखा। साथ ही कार्यालय की अन्य चीजों की जाँच भी की जा रही है। गाडी के ओरिजनल दस्तावेज भी उसी के डेस्कबॉर्ड में रखे हुये है। चोरी की सूचना मिलते ही इसकी जानकारी पुलिस कन्ट्रोल रूम पर भी दे दी गई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# विधायक हंसराज पटेल ने किया कांवड शिविर का शुभारम्भ




विधायक हंसराज पटेल ने कांवड़ियों का स्वागत किया।

**कोटपूतली।** भगवान भोलेनाथ की उपासना के पवित्र माह श्रावण मास में हरिद्वार, गंगोत्री व गौमूख समेत अन्य पवित्र तीर्थ स्थलों से गंगा जल की कॉवड लाकर भगवान शिव का अभिषेक कर रहे श्रद्धालूओं व कॉवडियों की सेवा हेतु फल-सब्जी मण्डी अध्यक्ष रमेश चंद सैनी (भगतजी) व रामौतार सैनी द्वारा कस्बे के राजमार्ग स्थित बानसूर कट पर सब्जी मण्डी परिसर के पास शिव कांवड शिविर लगाया गया है। शिविर का रविवार को विधायक हंसराज पटेल ने बतौर मुख्य अतिथि फिता काटकर शुभारम्भ किया। साथ ही आने वाले कॉवडियों का माल्यार्पण भी किया। विधायक पटेल ने कहा कि श्रावण मास भारतीय संस्कृति व सनातन धर्म का वह पवित्र महिना है जिसमें प्रत्येक श्रद्धालू भगवान शंकर की आराधना करता है। भारतीय संस्कृति हमेशा से ही जीव मात्र की सेवा एवं विश्व के कल्याण का भाव रखती है। इस प्रकार कांवडियों की सेवा करना भी पुण्य का कार्य है।

# भाजपा पदाधिकारियों ने सुनी पी.एम. के मन की बात

**गोविंदगढ़ /अलवर** गोविंदगढ़ कस्बे में आज यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्रमोदी जी मन की बात का प्रोग्राम गोविंदगढ़ भाजपा मंडल के सभी शक्ति केदो पर मन की बात का प्रोठााम112वे संस्करण सोने का कार्यक्रम हुआ जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने बताया की उत्तर पूर्व भारत की वर्ल्ड हेरीटेन साइड घोषित की गई मान्य मोदी जी ने आमजन से खादी ठाामोद्योग को बढ़ावा देने पर जोर देने के लिए कहा एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाएं वह आगामी 15 अगस्त को हर घर झंडा लगाने का अभियान चलाने की अपील की गई गोविंदगढ़ मंडल के सभी शक्ति केंद्रओ पर कार्यक्रम देखा गया और सुना गया और बूथ संख्या 245 पर गोविंदगढ़ मंडल अध्यक्ष रवि सनातनी मंडल महामंत्री कुलदीप शर्मा गोविंद गौतम मीडिया प्रभारी मोहित बटवारा विक्रम सिंह कैलाश चंद शर्मा गुरुजी मंडल मंत्री प्रकाश चंद शर्मा फूल चंद मीणा पूर्व मंडी अध्यक्ष रमेश चंद मीणा एसटी भाजपा मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष लाखन सिंह सोलंकी मंडल मंत्री गोपाल सिंह सोलंकी नितिन सेन सम्राट सिंह नरूका मनी सिंहसूबा सिंह आईटी सेल प्रभारी राजकुमार शर्मा बूथ अध्यक्ष सिबी सैनी गिर्राज प्रसाद शर्मा एडवोकेट कीर्ति नंदन शर्मा वह वीर प्रताप सोलंकी कार्यक्रम मे मौजूद रहे वह सभी ने यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की प्रशंसा की एवं उनके कार्यों की प्रशंसा की

### पेंशनर समाज की बैठक हुई

**किशनगढ़ बास।** पेंशनर समाज उप शाखा अध्यक्ष सुल्तान सिंह यादव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला संगठन मंत्री मूलचंद यादव ने गठित कार्यकारिणी सदस्यों को शपथ दिलाई और सदस्यता अभियान चलाई जाने का निर्णय लिया गया।

शाखा अध्यक्ष सुल्तान सिंह यादव ने बताया कि जिला संगठन मंत्री मूलचंद यादव की उपस्थिति में उप शाखा किशनगढ़ बास की हुई बैठक में सदस्यों शपथ ठाहण कराई जाने के साथ सदस्यता अभियान शुरू किए जाने सहित विभिन्न विषयों पर विचार विमर्श किया गया।

## 'युवाओं को आगे बढ़ाना ही मेरा संकल्प'

**श्रीमाधोपर ।** ग्राम के नांगल के युवाओं के आग्रह पर ग्राम के युवा जन प्रतिनिधि के के यादव ने खेल प्रतिभाओं को बढ़ाने के लिए खेल सामग्री उपलब्ध करवाई ।युवाओं ने मिलकर के के यादव को यह सूचना दी की हमारे पास खेलने की सामठाी नहीं है हमे क्रीडा सामग्री उपलब्ध करवाए और के के यादव द्वारा केवल 24 घंटो में इस समस्या का समाधान करवा कर युवाओं को खेल सामठाी उपलब्ध करवा दी और युवा हितेषी की मिशाल कायम की। के के यादव विधानसभा क्षेत्र श्रीमाधोपुर के सबसे युवा समाजसेवी के रूप में पहचाने जाते है। इन्होने वर्ष 2017 में आदर्श फाउंडेशन संस्थान एनजीओ का चुनाव कर हजारों प्रतिभाओं को तरासने का काम किया है। के के यादव ने बताया कि ठाामीण क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं होती लेकिन संसाधनों के अभाव से प्रतिभाएं पिछड़ जाती है।जिसके लिए रवि दत्त, आशुतोष शर्मा,विजय कुमावत, शशि वर्मा,उमेश वर्मा, ओमप्रकाश, गोविंद जांगिड़, सुनील जांगिड़, गणेश शर्मा, सौरभ सैन और सैंकड़ों युवाओं ने युवा साथी के के यादव का आभार व्यक्त किया।

## 7500 किलोमीटर पैदल चलकर पहुंचेगी सना मक्का मदीना

**मनोहरपुर ।** कस्बे के टोल प्लाजा के पास एक निजी पार्क में पैदल हज पर जाने वाली सना का मनोहरपुर पहुंचने पर अभिनंदन किया। इधर मुस्लिम समुदाय के लोगों अंसारी का शॉल व माला पहनाकर इस्तक़बाल किया। सना ने बताया शिहाब से प्रभावित होकर हज यात्रा पर जाने निर्णय कर महाराष्ट्र पालघर से पिछले 4 महीनो से पैदल हज यात्रा के लिए निकली है। उन्होंने बताया की पांच देशों से होते हुए करीब 7500 किमी की दूरी तय करेगी। अंसारी के पति अजीम शेख ने बताया की करीब 1 साल (मई 2025) में मक्का मदीना पहुचेगी। अंसारी रोज 10 से 20 किमी की पैदल यात्रा कर रही है। अंसारी ने बताया की महाराष्ट्र से शुरू हुई यात्रा गुजरात, राजस्थान पहुंची। इसके बाद दिल्ली, हरियाणा, पजाब बागा बॉर्डर, पाकिस्तान, ईरान, इराक, कुवेत, सऊदी होकर मक्का मदीना पहुचेगी। अंसारी हज यात्रा कर देश के लिए अमन चैन की दुआ मांगेगी। इस दौरान शाकिब खान, फैज स्थान, ननावेद खान, शादाब सहित बड़ी संख्या मे महिला व पुरुष मौजूद रहे।

## पी.एम. के मन की बात सुनी

**शाहपुरा ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का रविवार को भाजपा शाहपुरा शहर मंडल उपाध्यक्ष व संयोजक राजेश पलसानिया के निवास स्थान रानीजी वाली ढाणी, वार्ड नंबर 1 में आयोजन हुआ। भाजपा जयपुर जिला देहात उत्तर मीडिया सह प्रभारी सुभाष जोशी एवं विधानसभा मीडिया प्रभारी मनोज कुमार टांक ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष सरदार मल यादव, मन की बात कार्यक्रम के जिला संयोजक व किसान मोर्चा जिला मंत्री रामकरण गुर्जर, मंडल उपाध्यक्ष व संयोजक राजेश पलसानिया सहित सैकडों स्थानीय निवासियों ने कार्यक्रम में शामिल होकर प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना एवं भरसक प्रशंसा की।

### 'दिव्यांगों को अधिकार मिले'

**खैरथल।** जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की ओर से जिले में प्रारंभ किए गए सशक्त खैरथल-तिजारा अभियान के द्वितीय चरण में 11 दिन तक अलग अलग उपखंड मुख्यालय पर लगे दिव्यांग जनों के लिए शिविर में 718 दिव्यांगों को प्रमाण पत्र बनाकर दिए गए। शिविर में ऐसे दिव्यांग जनों को प्रमाण पत्र बनाकर दिए गए जो वर्षों से पात्र होते हुए भी प्रमाण पत्र नहीं बनवा पाए थे। अब कलेक्टर के प्रयास है कि जिला अस्पताल पर प्रत्येक सप्ताह में एक दिन प्रमाण पत्र बनाए जाएं।

जिला कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला ने बताया कि 15 से 26 जुलाई तक दिव्यांग जनों के लिए लगाए गए शिविर में 2309 दिव्यांगों का रजिस्ट्रेशन हुआ जिसमें 718 दिव्यांगों का 40 या 40 से अधिक दिव्यांग होने पर प्रमाण पत्र जारी किया गया तथा 491 को रेफर किया गया है। कलेक्टर ने बताया शिविर में ऐसे दिव्यांगजनों के प्रमाण पत्र बनें है जो जानकारी के अभाव में पहले कभी प्रमाण पत्र बनवाने के लिए आवेदन नहीं कर पाए जिसके कारण लाभ से वंचित रहे। अभियान के तहत प्रथम चरण में दिव्यांगों का चिन्हीकरण कर एक स्थान पर सभी सुविधाएं कर शिविरों के माध्यम से मिले।

# पांच दर्जन से अधिक प्रतिभावान बालिकाओं का सम्मान



देवली के जगदीश धाम परिसर में रविवार को प्रतिभावान बालिकाओं का सम्मान किया ।

**देवली,** ( निस ) मानव सेवा संकल्प संस्थान देवली की ओर से शहर के जगदीश धाम परिसर में रविवार को प्रतिभावान बालिकाओं का सम्मान किया गया। इस मौके पर पांच दर्जन से अधिक बालिकाओं का सम्मान कर उन्हें मोटिवेट किया गया। इस मौके पर मानव सेवा संस्थान के अध्यक्ष प्रेमचंद शर्मा ने बताया कि प्रतिभा सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि पुलिस उप महानिरीक्षक जयपुर

■ शिक्षा के लिए किया प्रोत्साहन

शिवराज मीणा थे। जबकि अतिथि के रूप में देवली उपखंड अधिकारी दुर्गा प्रसाद मीणा, पुलिस उप अधीक्षक रामसिंह, तहसीलदार वीरेंद्र सिंह शक्तावत, भामाशाह नवल मंगल, बनवारी गुप्ता, रमेश जिंदल समेत मुख्य अतिथि समेत थे। जिन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि बालिका शिक्षा को समाज के विकास व उन्नित के लिए जरूरी बताया। लेकिन वर्तमान दौर में सोशल मीडिया भटका रहा है। अतिथियों ने बालिकाओं को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से दूर रहकर लक्ष्य बनाकर अध्ययन करने की बात कही। इसी तरह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बालिकाओं को अपनी फोटो आदि लगाने बचाने को कहा, ताकि इसका दुरुपयोग ना हो। अतिथियों ने सोशल मीडिया का उपयोग अपनी पढ़ाई के लिए करने को कहा। इस मौके पर देवली शहर की सभी सरकारी व निजी स्कूलों में कक्षा 10 एवं 12 में 85 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त करने वाली प्रथम दो स्थानों वाली बालिकाओं को सम्मानित किया गया। बालिकाओं को दुपट्टा ओढ़ाकर प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो को देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान संस्थान के अध्यक्ष प्रेमचंद शर्मा, संरक्षक लक्ष्मीकांत पारीक, अशोक माहेश्वरी समेत पदाधिकारी मौजूद थे।

### पूर्व विधायक ने पौधे रोपे

**चौमूं / कालाडेरा** ( निसं ) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम लगाने के एक अभिनव आव्हानप पर आज विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के अवसर पर पूर्व विधायक रामलाल शर्मा के मुख्यअतिथि में नगर मंडल चौमूं के वार्ड नं-44 के बूथ संख्या 213 में सेरावत फ़ार्म हाउस पर कार्यकर्ता और वार्ड वासियों की उपस्थित में वृक्षारोपण किया। प्रकृति के संरक्षण के लिए अपना योगदान सुनिश्चित करने और इसके निर्वहन करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गजानंद कुमावत ने की। इस दौरान न.पा.पूर्व चैयरमैन आशिष दुसाद, नानूराम सैनी, कालाडेरा मंडल अध्यक्ष बनवारी शर्मा, भाजपा नगर मंडल महामंत्री महेश सेरावत, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुमन सैनी, महामंत्री वंदना दीक्षित, पूर्व प्रधान महेश मीणा, रामरतन मुनीम, सीएम खटीक, रामवतार कुलदीप, मुकेश जांगिड, ब्रजेश सैनी, रामावतार कुलदीप मोहनलाल यादव संदीप शर्मा धर्मेंद्र बंजारा संदीप कुमावत सूणीलाल सैनी रामेश्वर दिनेश सैनी राजकुमार यादव दिनेश कुमावत रामचंद्र सैनी बबलू जगदीश जाट कालूराम यादव डॉं पंकज सहित कार्यकर्ता एवं वार्डवासी उपस्थित रहे।